# झारखण्ड विधान सभा

## दैनिक विवरणिका

चतुर्थ झारखण्ड विधान सभा
संख्या-12

द्वितीय सत्र(बजट)

बुधवार, दिनांक-18 मार्च, 2015 ई०।

समय-11.00 बजे पूर्वा० से 4.45 बजे अप० तक।

**माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।**

(इस अवसर पर माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव सहित विपक्ष के कतिपय माननीय सदस्यों ने अपनी-अपनी जगह पर खड़े होकर दैनिक समाचार-पत्र प्रभात खबर में प्रकाशित समाचार की ओर आसन का ध्यान आकृष्ट करते हुए भ्रष्टाचार पर रोक लगाये जाने की माँग की। इसी क्रम में माननीय सदस्या, श्रीमती निर्मला देवी अखबार लेकर सदन की वेल तक पहुँच गयीं, परंतु आसन के द्वारा आग्रह किये जाने के उपरांत सभी माननीय सदस्य अपनी-अपनी जगह पर बैठ गये।)

### 1. प्रश्न काल:-

आज के लिए निर्धारित प्रश्नों का व्यवस्थापन निम्नवत् हुआ-

**(क) अल्पसूचित प्रश्नों की कुल संख्या-15**

(i) उत्तरित कुल-05- अ०सू०-09, श्री राधाकृष्ण किशोर, स० वि० स०,
अ० सू०-132, श्री आलमगीर आलम, स० वि० स०,
अ० सू०-133, श्री आलमगीर आलम, स० वि० स०,
अ० सू०-134, श्री स्टीफन मराण्डी, स० वि० स०,
अ० सू०-135, श्री अनन्त कुमार ओझा, स० वि० स०।

(ii) अपृष्ठ मात्र-01- अ०सू०-04, श्री कुशवाहा शिवपूजन मेहता, स० वि० स०।

(iii) स्थगित कुल-02- अ०सू०-131, श्री जानकी प्रसाद यादव, स० वि० स० एवं
अ०सू०-136, श्री आलोक कुमार चौरसिया, स० वि० स०।

(iv) अनागत कुल-07-अ० सू०-137 से अ० सू० 143 तक।

**(ख) तारांकित प्रश्नों की कुल संख्या-82**

(i) उत्तरित कुल-11-तारांकित-430, श्री नागेन्द्र महतो, स० वि० स०,
तारांकित-431, श्री राम कुमार पाहन, स० वि० स०,
तारांकित-432, श्रीमती विमला प्रधान, स० वि० स०,
तारांकित-433, श्री प्रकाश राम, स० वि० स०,
तारांकित-434, श्री शिवशंकर उरांव, स० वि० स०,
तारांकित-435, श्री फूलचन्द मण्डल, स० वि० स०,
तारांकित-436, श्री सत्येन्द्रनाथ तिवारी, स० वि० स०,
तारांकित-437, श्री योगेन्द्र प्रसाद, स० वि० स०,
तारांकित-438, श्रीमती जोबा मांझी, स० वि० स०,

कृ०पृ०उ०

तारांकित-439, श्री कुशवाहा शिवपूजन मेहता, स० वि० स०,
तारांकित-440, श्री कुणाल षडंगी, स० वि० स०।

**(ii)** अनागत कुल-71-तारांकित-441 से 511 तक।

2.शून्यकालः-

आसन द्वारा पुकारे जाने पर निम्नांकित माननीय सदस्यों ने शून्यकाल की सूचनायें पढ़ी -

श्री जगरनाथ महतो,
श्री नागेन्द्र महतो,
श्री विदेश सिंह,
डॉ० अनिल मुरमू,
श्री दशरथ गागराई,
श्री योगेश्वर महतो,
श्री आलमगीर आलम,
श्री रवीन्द्रनाथ महतो,
श्री बादल,
श्री जानकी प्रसाद यादव,
श्रीमती गंगोत्री कुजूर,
श्री अरुप चटर्जी,
श्री दीपक बिरूवा,
श्री ईरफान अंसारी,
श्री जय प्रकाश भाई पटेल,
श्री हरिकृष्ण सिंह,
श्री पौलुस सुरीन,
श्री निर्भय कुमार शाहाबादी,
श्री नारायण दास,
श्री कुणाल षडंगी,
श्री बिरंची नारायण,
श्री फूलचन्द मण्डल,
श्री केदार हाजरा,
श्रीमती निर्मला देवी,
श्री प्रकाश राम,
श्री मनोज कुमार यादव।

आसन द्वारा माननीय सदस्य, श्री बादल के शून्यकाल की सराहना की गयी।

3.सूचनाओं का दिया जानाः-

i- ग्रंथों में वर्णित कल्पवृक्ष जो अभी राजधानी राँची में मात्र दो ही बचे हुए है, उनकी रक्षा एवं देखभाल की ओर सरकार का ध्यान माननीय सदस्य, श्री अनन्त कुमार ओझा द्वारा आकृष्ट किया गया,

ii- पिपरवार क्षेत्र में हो रही लेवी वसूली की जानकारी माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव द्वारा दी गयी। साथ ही सत्रावधि में सुरक्षा हेतु नियुक्त पुलिसकर्मियों को घटिया भोजन की आपूर्त्ति सम्बन्धी शिकायतकर्त्ता पुलिसकर्मी पर विभाग द्वारा कार्रवाई किये जाने को उन्होंने सदन की अवहेलना बताया जिसे आसन के निदेश से माननीय संसदीय कार्य मंत्री द्वारा संज्ञान में लिया गया,

क्र.पृ.उ.

iii- माननीय सदस्या, श्रीमती विमला प्रधान ने गुमला एवं सिमडेगा को रेलवे लाईन से जोड़ने हेतु सरकार से आग्रह किया,

iv- माननीय सदस्य, श्री जय प्रकाश भाई पटेल ने राज्य में जलावन कोयले के अभाव एवं उनके क्षेत्र में एक महिला की मृत्यु हो जाने की ओर आसन का ध्यान आकृष्ट किया,

v- माननीय सदस्य, श्री निर्भय कुमार शाहाबादी ने जय प्रकाश नारायण के 41वें आंदोलन-सालगिरह पर सदन में चर्चा कराये जाने हेतु आग्रह किया,

vi- माननीय सदस्य, श्री संजीव सिंह ने कोलियरी में पर्यावरण नियम की अवहेलना किये जाने की ओर आसन का ध्यान आकृष्ट किया,

vii- माननीय सदस्य, श्री बिरंची नारायण ने झारखण्ड विधान सभा कैंटीन में खाना महँगा एवं घटिया होने की ओर आसन का ध्यान आकृष्ट किया जिसे आसन द्वारा संज्ञान में लिया गया।

## 4.ध्यानाकर्षण सूचनायें एवं उसपर सरकार की ओर से वक्तव्य:-

i- श्री राज सिन्हा, स०वि०स० द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकार की ओर से वक्तव्य हुआ।

ii- श्री संजीव सिंह एवं अन्य स०वि०स० द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकार की ओर से वक्तव्य हुआ।

iii- श्री राजकुमार यादव स०वि०स० द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकार की ओर से वक्तव्य हुआ।

iv- श्री सत्येन्द्रनाथ तिवारी, स०वि०स० द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकार की ओर से वक्तव्य हुआ।

v- श्री मनोज कुमार यादव, स०वि०स० द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकार की ओर से वक्तव्य हुआ।

vi- श्री संजीव सिंह, स०वि०स० द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकार की ओर से वक्तव्य हुआ।

## 5.आसन से सूचना:-

कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा दिनांक- 20.03.2015 को संध्या 6.00 बजे से भगवान् बिरसा मुण्डा स्टेडियम, मोरहाबादी मैदान में माननीय मुख्यमंत्री एकादश एवं माननीय विधान सभा अध्यक्ष एकादश के बीच एक सद्भावना खेल के आयोजन जिसमें क्रिकेट, फुटबॉल एवं बैडमिंटन खेले जायेंगे, सम्बन्धी माननीय विभागीय मंत्री से प्राप्त सूचना से सदन को आसन द्वारा अवगत कराया गया तथा इसमें भाग लेने हेतु सभी माननीय सदस्यों से आग्रह भी किया गया।

## 6.वित्तीय कार्य:-

श्री राज पलिवार, प्रभारी मंत्री द्वारा **"श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग"** से सम्बन्धित माँग पेश की गयी।

श्री प्रदीप यादव, स०वि०स० द्वारा कटौती प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

**(अन्तराल)**

**अन्तराल के बाद माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।**

क्र०पृ०उ०

## 7.वित्तीय कार्य (क्रमांक-6 से जारी):-

उपर्युक्त मांग पर श्री प्रदीप यादव, स० वि० स० द्वारा चर्चा प्रारम्भ की गयी जिसमें निम्नलिखित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

श्री नारायण दास,
श्री अमित महतो,
श्री राज सिन्हा,
श्री मनोज कुमार यादव,
श्री योगेश्वर महतों,
श्री कुणाल षडंगी,
श्री नवीन जयसवाल,
श्री बादल,
श्री कुशवाहा शिवपूजन मेहता,
(इस अवसर पर सदन की सहमति से सरकार के उत्तर होने तक सभा का समय विस्तारित किया गया।)
श्री संजीव सिंह एवं
श्री राजकुमार यादव।

## 8.समितियों की बैठक सम्बन्धी सूचना:-

दिनांक-19.03.2015 को भोजनावकाश के दौरान 1.00 बजे अप० से सभी समितियों के माननीय सभापतियों एवं संयोजकों की बैठक माननीय अध्यक्ष महोदय के कार्यालय कक्ष में आहूत होने सम्बन्धी जानकारी आसन द्वारा दी गयी तथा उनकी उपस्थिति की अपेक्षा की गयी। उनसे यह भी आग्रह किया गया कि माननीय सभापति/संयोजक समिति की समस्याओं से अवगत करायेंगे ताकि समितियों की कार्यप्रणाली को और सुदृढ़ किया जा सके।

श्री प्रदीप यादव, स० वि० स० द्वारा प्रस्तुत कटौती का प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ तत्पश्चात् **''श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग''** की माँग सभा द्वारा स्वीकृत हुई।

सभा की कार्यवाही दिनांक- 19 मार्च, 2015 के 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित की गयी।

रॉंची,
दिनांक- 18 मार्च, 2015 ई०।

सुशील कुमार सिंह,
प्रभारी सचिव,
झारखण्ड विधान सभा।